# SSC कांस्टेबल (जीडी) भर्ती परीक्षा

# प्रैक्टिस सेट 2

## निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न है तथा परीक्षा की अवधि 90 मिनट है।
2. इस परीक्षा-पुस्तिका में चार भाग हैं भाग क : सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति (1-25), भाग ख : सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जानकारी (26-50), भाग ग : प्रारम्भिक अंकगणित (51-75), भाग घ : सामान्य हिन्दी (76-100)।

## भाग क : सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति

**निर्देश** (प्र.सं. 1 और 2) *निम्नलिखित प्रश्नों में अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। चार दिए गए विकल्पों में से वह विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे।*

**1.** 2, 5, 10, 17, 26, 37, 50, ?
(a) 63 (b) 65 (c) 67 (d) 69

**2.** A, D, H, M, ?, Z
(a) B (b) G (c) S (d) N

**3.** यदि CHAIR को EGCHT लिखा जाए, तो AUDIT को क्या लिखेंगे?
(a) CSFHV (b) CTFHV
(c) BTFHV (d) BTSHV

**4.** यदि X का अर्थ + , Z का अर्थ ÷, Y का अर्थ − और P का अर्थ × है, तो दिए गए समीकरण का मान ज्ञात कीजिए।
10 P 2 X 5 Y 5 बराबर है
(a) 10 (b) 15
(c) 20 (d) 25

**निर्देश** (प्र.सं. 5-8) *प्रत्येक प्रश्न में सम्बन्धित शब्दों/संख्याओं को दिए गए विकल्पों से चुनिए।*

**5.** हाथ : बाँह :: दाँत : ?
(a) चेहरा (b) गर्दन
(c) मुँह (d) होठ

**6.** 484 : 12 : : 622 : ?
(a) 15 (b) 41 (c) 35 (d) 31

**7.** ACEG : IKMO : : QSUW : ?
(a) YZCE (b) YACD
(c) YBCE (d) YACE

**8.** गाय : घास : : ?
(a) शेर : शेरनी (b) बाघ : चीता
(c) घोड़ा : चना (d) ऊँट : मांस

**9.** निम्न प्रश्न में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर उचित अंक ज्ञात कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 5 | 3 |
| 4 | 4 | 4 |
| 3 | ? | 5 |

(a) 4 (b) 9 (c) 10 (d) 15

**निर्देश** (प्र.सं.10-12) *प्रत्येक प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से भिन्न विकल्प को चुनिए।*

**10.** (a) पैर-हाथ (b) आँख-नाक
(c) शरीर-सिर (d) कलाई-उँगली

**11.** (a) DCB (b) HIJ
(c) KLM (d) XYZ


**12.** (a) 2-4 (b) 3-9
(c) 6-36 (d) 5-20

**13.** प्रश्न में एक मूल शब्द दिया गया है, उसके विकल्प के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक विकल्प में दिया गया शब्द मूल शब्द के अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता है। उस विकल्प को ज्ञात कीजिए।
ELEMENTARY
(a) LAMENT (b) LUMEN
(c) TERMER (d) MEANLY

**14.** निम्नलिखित प्रश्न आकृतियों में दिखाए अनुसार, कागज के एक टुकड़े को मोड़ने, छेदने तथा खोलने के बाद वह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?



X Y Z






(a) (b) (c) (d)


**15.** बताइए कौन-सा निष्कर्ष नीचे दिए हुए कथन का निश्चित रूप से अनुसरण करता है?
**कथन** सभी कुत्ते बन्दर हैं।
कोई बन्दर बिल्ली नहीं है।


**निष्कर्ष**
(a) कोई कुत्ता बिल्ली है
(b) कोई बिल्ली कुत्ता नहीं है
(c) सभी कुत्ते बिल्ली हैं
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**16.** पाँच व्यक्ति A, B, C, D व E आपके सामने मुँह करके एक पंक्ति में इस प्रकार बैठे हैं कि D, C के बाईं ओर है और B, E के दाईं ओर है। A, C के दाईं ओर और B, D के बाईं ओर है। यदि E पंक्ति के एक छोर पर बैठा है, तो पंक्ति के बीच में कौन बैठा है?
(a) A (b) B (c) C (d) D

**17.** निम्नलिखित में कौन-सी उत्तर आकृति दी गई प्रश्न आकृति को पूरा करेगी?
**प्रश्न आकृति**

**उत्तर आकृतियाँ**

(a) (b) (c) (d)

**18.** उत्तर आकृतियों में से कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिम्ब होगी, जबकि दर्पण AB रेखा पर रखा हो?
**प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**

(a) (b) (c) (d)



**19.** निम्नलिखित में कौन-सी आकृति सही तरीके से चोर, जज व अपराधी के बीच के समबन्ध को दर्शाती है?



**20.** एक पुस्तक में पेजों की संख्या ज्ञात कीजिए, जिसमें 437850 शब्द और प्रति पेज औसतन 450 शब्द हैं।
(a) 973 (b) 987 (c) 1003 (d) 793

**21.** 9 * 7 = 32, 13 * 7 = 120, 17 * 9 = 208, 19 * 11 = ?
(a) 64 (b) 160 (c) 240 (d) 210

**22.** इस प्रश्न में दिया गया कौन-सा विकल्प निम्नलिखित का सार्थक क्रम होगा?
1. गरीबी 2. जनसंख्या
3. मृत्यु 4. बेरोजगारी
5. रोग
(a) 1, 2, 3, 4, 5 (b) 2, 3, 4, 5, 1
(c) 3, 4, 2, 5, 1 (d) 2, 4, 1, 5, 3

**23.** वह उत्तर आकृति चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति छुपी है।
**प्रश्न आकृति**

**उत्तर आकृतियाँ**

(a) (b) (c) (d)

**24.** प्रश्न आकृति का प्रयोग करके कौन-सी उत्तर आकृति बनाई जा सकती है?
**प्रश्न आकृति**

**उत्तर आकृतियाँ**

(a) (b) (c) (d)

**25.** नीचे दो आव्यूह (मैट्रिसेज) दिए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक में 25 कोष्ठक और दो प्रकार की अक्षरमाला दी गई हैं। आव्यूह I के स्तम्भों एवं पंक्तियों को 0 से 4 क्रमांकित किया गया है और आव्यूह II में 5 से 9 तक। इन आव्यूहों का कोई अक्षर पहले इसकी पंक्ति संख्या और फिर इसकी स्तम्भ संख्या द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है। यथा 'R' को '01' तथा '44' आदि से प्रदर्शित कर सकते हैं। इसी तरह 'V' को '59', '78' आदि द्वारा प्रदर्शित कर सकते हैं। निम्नांकित प्रश्न में संख्याओं के एक जोड़े की पहचान (a), (b), (c) व (d) में से करें, जोकि दिए गए शब्द को प्रदर्शित करता है।

**आव्यूह I**

| | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | M | R | H | N | F |
| 1 | N | F | M | R | H |
| 2 | R | H | N | F | M |
| 3 | F | M | R | H | N |
| 4 | H | N | F | M | R |

**आव्यूह II**

| | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | O | E | A | K | V |
| 6 | K | U | O | E | A |
| 7 | E | A | K | V | O |
| 8 | U | O | E | A | K |
| 9 | A | K | U | O | E |

FORK
(a) 11, 79, 20, 67
(b) 30, 86, 13, 77
(c) 20, 96, 32, 55
(d) 23, 86, 11, 77

# भाग ख : सामान्य ज्ञान एवं सामान्य जानकारी

**26.** किसी अर्थव्यवस्था में पूँजी निर्माण निर्भर करता है
(a) कुल आय पर (b) कुल माँग पर
(c) कुल बचत पर (d) कुल उत्पादन पर

**27.** मुद्रास्फीति के दौरान कर की दरों में निम्नलिखित में से क्या होगा?
(a) वृद्धि
(b) कमी
(c) स्थिर
(d) इनमें से कोई नहीं

**28.** किस किस्म के कोयले में कार्बन की अधिकतम मात्रा पाई जाती है?
(a) एन्थ्रेसाइट (b) बिटुमिनस
(c) लिग्नाइट (d) इनमें से कोई नहीं

**29.** अकबर अपना धार्मिक विचार-विमर्श कहाँ किया करते थे?
(a) पंचमहल
(b) जोधाबाई महल
(c) इबादत खाना
(d) बुलन्द दरवाजा

**30.** मोहनजोदड़ो निम्नलिखित में कहाँ स्थित है?
(a) पंजाब (b) सिन्ध
(c) गुजरात (d) उत्तर प्रदेश

**31.** मनुष्य का सामान्य रुधिर चाप है
(a) 150/90 (b) 120/80
(c) 100/50 (d) 90/80

**32.** निम्नलिखित में कौन-सी आदर्श गैस नहीं है?
(a) रेडॉन (b) ऑर्गन
(c) सिलिकॉन (d) निऑन

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक नाइट्रोजनीय उर्वरक नहीं है?
(a) अमोनियम सल्फेट
(b) यूरिया
(c) अमोनियम नाइट्रेट
(d) सुपर फॉस्फेट

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा वन जलाक्रान्त क्षेत्रों में विकसित होता है?
(a) मैंग्रोव
(b) सदाहरित
(c) पर्णपाती
(d) शंकुवृक्षी

**35.** अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस का मुख्यालय कहाँ है?
(a) जेनेवा (b) न्यूयॉर्क
(c) स्टॉकहोम (d) पेरिस

**36.** जैव-विविधता अभियान पर सम्मेलन का सचिवालय कहाँ स्थित है?
(a) लन्दन (b) इटली
(c) मॉण्ट्रियल (d) टोरण्टो

**37.** जूलियन असांजे किस वेबसाइट के संस्थापक हैं
(a) विकिपीडिया
(b) नेटस्केप
(c) विकिलीक्स
(d) गूगल क्रोम

**38.** डायनमो का निर्माण किसने किया था?
(a) न्यूटन (b) आर्किमिडीज
(c) फैराडे (d) ब्रेकेट

**39.** असहयोग आन्दोलन की असफलता के बाद किसके नेतृत्व में कांग्रेसियों ने 'स्वराज दल' नामक एक नई पार्टी बनाई थी?
(a) महात्मा गाँधी (b) वल्लभभाई पटेल
(c) चितरंजन दास (d) जवाहरलाल नेहरू

**40.** ब्रिटिश संसद के लिए चुना जाने वाला पहला भारतीय कौन था?
(a) केशवचन्द्र सेन (b) दादाभाई नौरोजी
(c) न्यायाधीश रानाडे (d) बेहराम जी मल्बारी

**41.** नेत्रदान में दाता की आँख का कौन-सा भाग उपयोग में लाया जाता है?
(a) कॉर्निया (b) परितारिका
(c) रेटिना (d) लेन्स

**42.** भारतीय अर्थव्यवस्था में खुली आर्थिक व्यवस्था का प्रारम्भ करने वाले निम्न में से कौन थे?
(a) प्रणव मुखर्जी (b) डॉ. मनमोहन सिंह
(c) आई.जी. पटेल (d) मधु दण्डवते

**43.** भारत की सभी सेनाओं का सर्वोच्च सेनापति कौन होता है?
(a) सेना कमाण्डर
(b) वायु सेना कमाण्डर
(c) भारत का प्रधानमन्त्री
(d) भारत का राष्ट्रपति

**44.** Wi-Fi का पूरा नाम क्या है?
(a) वायरलैस फ्लेक्सिबिलिटी
(b) वायरलैस फिडेलिटी
(c) वायरड फीचर्स
(d) उपरोक्त सभी

**45.** स्वतन्त्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल कौन थे?
(a) सी. राजगोपालाचारी
(b) जवाहरलाल नेहरू
(c) लॉर्ड माउण्टबेटन
(d) सरदार पटेल

**46.** उत्पादन की दृष्टि से भारत में कॉफी पैदा करने वाला शीर्ष राज्य कौन-सा है?
(a) तमिलनाडु
(b) कर्नाटक
(c) असोम
(d) महाराष्ट्र

**47.** रुस्तम-2 क्या है?
(a) टैंक
(b) जलपोत
(c) लड़ाकू विमान
(d) इनमें से कोई नहीं

**48.** न्यायिक समीक्षा का सिद्धान्त हमारे संविधान में कहाँ से लिया गया है?
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका
(b) यू.एस.एस.आर.
(c) इंग्लैण्ड
(d) स्विट्ज़रलैण्ड

**49.** अन्तर्राष्ट्रीय संस्था WHO का मुख्यालय है
(a) जेनेवा (b) यू.एस.ए.
(c) न्यूयॉर्क (d) पेरिस

**50.** राज्य अपहरण नीति का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया?
(a) हेस्टिंग्स (b) कैनिंग
(c) डलहौजी (d) वेलेजली


# भाग ग : प्रारम्भिक अंकगणित

**51.** यदि किसी विद्यालय में कुल विद्यार्थियों में 60% लड़के हों और लड़कियों की संख्या 972 हो, तो उस विद्यालय में कुल कितने लड़के हैं?
(a) 1258 (b) 1458
(c) 1324 (d) 1624

**52.** 10% और 30% के क्रमिक बट्टों के समतुल्य एक अकेला बट्टा होगा
(a) 40% (b) 35%
(c) 38% (d) 37%

**53.** कौन-सी राशि पर साधारण ब्याज से 6 महीने में 4% वार्षिक की दर से ₹ 150 ब्याज मिलेगा?
(a) ₹ 500
(b) ₹ 7500
(c) ₹ 10000
(d) ₹ 15000

**निर्देश** (प्र.सं. 54 और 55) *निम्न स्तम्भ ग्राफ का अध्ययन करके उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*




**54.** सकल लाभ किस वर्ष में शुद्ध लाभ से दोगुना है?
(a) 1997 (b) 1995 (c) 1996 (d) 1994

**55.** वर्ष 1995 के सकल लाभ की तुलना में उस वर्ष के शुद्ध लाभ का प्रतिशत है
(a) 25.5% (b) 35.5% (c) 37.5% (d) 42.5%

**56.** 5 पुरुष किसी काम को 6 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 10 महिलाएँ उसे 5 दिनों में पूरा करती हैं। 5 महिलाएँ तथा 3 पुरुष मिलकर उस कार्य को करने में कितने दिन लगाएँगे?
(a) 4 (b) 5 (c) 6 (d) 8

**57.** एक रेलगाड़ी 45 किमी/घण्टा की गति से चल रही है। $\frac{4}{5}$ किमी की दूरी वह कितने सेकण्ड में तय करेगी?
(a) 36 (b) 64 (c) 90 (d) 120

**58.** एक बेलन की त्रिज्या 40 सेमी है तथा उस पर एक रस्सी को 60 बार लपेटा जा सकता है। यदि उस बेलन की त्रिज्या 30 सेमी हो, तो उसी रस्सी को बेलन पर कितनी बार लपेटा जा सकता है?
(a) 80 (b) 90 (c) 60 (d) 45

**59.** राधा ₹ 7500 किसी बैंक में 6% वार्षिक साधारण ब्याज से जमा करती है। वह कितनी अधिक राशि 10% वार्षिक दर से निवेश करे कि उसे कुल निवेश पर $8\frac{1}{2}$% दर से एक वर्ष में उतना ही साधारण ब्याज प्राप्त हो?
(a) ₹ 5000 (b) ₹ 4000
(c) ₹ 10000 (d) ₹ 2000

**60.** कोई राशि 5 वर्षों में 50% बढ़ जाती है। तीन राशियों $x$, $y$ तथा $z$ को क्रमशः 10, 15 तथा 20 वर्षों के लिए उधार दी जाती है। यदि तीनों राशियों पर समान मिश्रधन प्राप्त हुए हो, तो $x$, $y$ तथा $z$ का अनुपात होगा
(a) 4 : 3 : 2 (b) 9 : 6 : 4
(c) 3 : 2 : 1 (d) 16 : 9 : 4

**61.** एक थैली में ₹ 1,50 पैसे तथा 10 पैसे के सिक्के 3 : 4 : 10 के अनुपात में हैं। यदि इनका कुल मूल्य ₹ 102 हो, तो 10 पैसे के सिक्कों की संख्या होगी
(a) 340 (b) 60 (c) 80 (d) 170

**62.** एक आयताकार खेत की लम्बाई उसकी चौड़ाई से $1\frac{3}{4}$ गुनी अधिक है। खेत का परिमाप 550 मी हो, तो उसका क्षेत्रफल कितना होगा?
(a) 16000 वर्ग मी
(b) 17200 वर्ग मी
(c) 17500 वर्ग मी
(d) 18000 वर्ग मी

**63.** एक पुस्तक विक्रेता पुस्तकों पर 10% छूट देता है। ₹ 1000 से अधिक की खरीद पर बिल की रकम पर वह 10% की अतिरिक्त छूट भी देता है। ₹ 1200 की खरीद पर वह कुल कितनी छूट देगा?
(a) ₹ 220 (b) ₹ 228 (c) ₹ 235 (d) ₹ 240

**64.** एक दुकानदार ₹ 500 की दर से खरीदी गई दो घड़ियों में एक को 20% लाभ पर तथा दूसरी को 20% हानि पर बेचता है। उसे कुल कितने का लाभ या हानि होती है?
(a) न कोई लाभ और न हानि
(b) ₹ 16.75 लाभ
(c) ₹ 16.75 हानि
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**65.** एक कार्य को कुछ व्यक्ति 80 दिनों में कर सकते हैं। यदि कार्य पर 10 व्यक्ति और लगा दिए जाएँ, तो कार्य केवल 60 दिनों में पूरा हो जाता है। कार्य कितने व्यक्तियों द्वारा प्रारम्भ किया जाता है?
(a) 30 (b) 25 (c) 35 (d) 40

**66.** किसी घन का पृष्ठ क्षेत्रफल 54 वर्ग मी है, तो उसकी भुजा होगी
(a) 9 मी (b) 3 मी (c) 7 मी (d) 5 मी

**67.** $A$ व $B$ किसी कार्य को क्रमशः 15 दिन व 10 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कार्य को ₹ 30000 में पूरा करने का ठेका लिया। ठेके की धनराशि में $A$ का भाग क्या होगा?
(a) ₹ 18000 (b) ₹ 16500
(c) ₹ 12500 (d) ₹ 12000

**68.** क्रिकेट के एक खेल के पहले 10 ओवर में रन रेट केवल 3.2 था। शेष 40 ओवरों की रन रेट कितनी रहनी चाहिए कि 282 रन का लक्ष्य दिया जा सके?
(a) 6.25 (b) 6.5 (c) 6.75 (d) 7

**69.** यदि 5 संख्याओं का माध्य (औसत) 5.4 है तो इन संख्याओं का कुल योग कितना होगा?
(a) 25 (b) 27 (c) 29 (d) 31

**70.** दो संख्याओं के ल.स. और म.स. का गुणनफल 24 है। यदि संख्याओं का अन्तर 2 है, तो उनमें से बड़ी संख्या है।
(a) 3 (b) 4 (c) 6 (d) 8

**71.** $A$ और $B$ की आयु का अनुपात 2 : 3 है यदि $B$ की आयु $A$ से 3 वर्ष अधिक है, तो 2 वर्ष बाद $A$ की आयु ज्ञात कीजिए।
(a) 2 वर्ष (b) 4 वर्ष
(c) 6 वर्ष (d) 8 वर्ष

**72.** एक व्यक्ति ने किसी वस्तु को खरीदकर इसे 10% के लाभ पर बेच दिया। यदि वह इस वस्तु को 20% कम मूल्य पर खरीदकर ₹ 10 अधिक विक्रय मूल्य पर बेचता, तो उसे 40% लाभ प्राप्त होता। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें।
(a) ₹ 500 (b) ₹ 480
(c) ₹ 450 (d) ₹ 400

**73.** एक परीक्षा में एक विद्यार्थी को 30% अंक मिले और वह 12 अंक कम मिलने से फेल हो गया। उसी परीक्षा में एक और विद्यार्थी को 40% अंक मिले और उसे न्यूनतम पास होने के अंकों से 18 अंक अधिक मिले हैं। पास होने के लिए अंक होने चाहिए
(a) 102 (b) 120
(c) 132 (d) 150

**74.** $(7 + 3\sqrt{5})(7 - 3\sqrt{5})$ का वर्गमूल है
(a) $\sqrt{5}$ (b) 2
(c) 4 (d) $3\sqrt{5}$

**75.** एक रेडियो को 10% मुनाफे से ₹ 900 में बेचा जाता है। यदि उसे ₹ 890 पर बेचा गया होता, तो वास्तविक लाभ या हानि कितना होता?
(a) ₹ 10 का हानि
(b) ₹ 10 का लाभ
(c) ₹ 90 का हानि
(d) ₹ 90 का लाभ

# भाग घ : सामान्य हिन्दी

**निर्देश** (प्र. सं. 26-28) *दिए गए प्रत्येक वाक्यांश के लिए एक शब्द दीजिए। इसके लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उचित विकल्प का चुनाव कीजिए।*

**76.** शक्तिशाली, दयातु, शान्त-धीर और योद्धा नायक
(a) धीर ललित (b) धीरोद्धत
(c) धीरोदात्त (d) इनमें से कोई नहीं

**77.** पर्वत की तलहटी
(a) बेसिन (b) घाटी
(c) उपत्यका (d) द्रोण

**78.** आधी रात का समय
(a) शर्वरी (b) विभावरी
(c) विशा (d) निशीथ

**निर्देश** (प्र. सं. 79-81) *दिए गए शब्दों का उपयुक्त विलोम बताने के लिए चार-चार विकल्प प्रस्तावित हैं। उचित विकल्प का चयन कीजिए।*

**79.** आपेक्ष
(a) असापेक्ष (b) निष्पक्ष
(c) निरपेक्ष (d) सापेक्ष

**80.** कौटिल्य
(a) मृदुलता (b) आर्तव
(c) मार्दव (d) आर्जव

**81.** 'विरह'
(a) वियोग (b) मिलन
(c) छूटना (d) टूटना

**निर्देश** (प्र. सं. 82-84) *दिए गए वाक्यों में से कुछ में त्रुटियाँ हैं और कुछ ठीक हैं। वाक्य के जिस भाग में त्रुटियाँ हों, उसका उत्तर के रूप में चयन करें। यदि वाक्य में कोई त्रुटि न हो, तो 'कोई त्रुटि नहीं, वाले विकल्प का चयन कीजिए।*

**82.** मुझे रेलगाड़ी में यात्रा करना अच्छी लगती है
(a) मुझे
(b) रेलगाड़ी में यात्रा करना
(c) अच्छी लगती है
(d) कोई त्रुटि नहीं

**83.** विद्यालय में जलपान की उत्तम प्रबन्ध है
(a) विद्यालय में (b) जलपान की
(c) उत्तम प्रबन्ध है (d) कोई त्रुटि नहीं

**84.** जब तक मैं न आऊँ उस समय तक तुम पढ़ते रहना
(a) जब तक मैं न आऊँ
(b) उस समय तक
(c) तुम पढ़ते रहना
(d) कोई त्रुटि नहीं

**निर्देश** (प्र. सं 85-87) *दिए गए वाक्यों में रिक्त स्थानों की उचित शब्दों द्वारा पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**85.** ताजमहल वास्तुकला की मुगल शैली के स्मारकों में श्रेष्ठतम .......... है।
(a) स्मारक (b) कृति
(c) इमारत (d) मस्जिद

**86.** ईश्वर की भक्ति ही, सौभाग्यशाली बनने का ......... होना चाहिए।
(a) उद्देश्य (b) साधन
(c) कारण (d) हेतु

**87.** इस संसार में चरित्र से बढ़कर कोई और .......... गुण नहीं है।
(a) बड़ा (b) श्रेष्ठ
(c) बेहतर (d) ऊँचा

**निर्देश** (प्र. सं. 88-92) *दिए गए अनुच्छेद में रिक्त स्थानों की उचित शब्दों द्वारा पूर्ति के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

कुछ लोग ज्ञान प्राप्ति को ही शिक्षा का एकमात्र ...(88)... मानते हैं। ऐसे लोग चाहते हैं कि विद्यार्थी पुस्तकें ही पढ़ें अन्य कुछ न करें, तभी उनके ज्ञान में ... (89)... होगी। दूसरे लोग विश्वास करते हैं कि अकेले शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य ...(90)... कमाने के योग्य नहीं हो सकता।

ऐसे लोग सोचते हैं कि रोटी अधिक ...(91)... है; जबकि दूसरे लोग विश्वास करते हैं कि शिक्षा का उद्देश्य अच्छे ...(92)... और देशभक्त पैदा करना है।

**88.** (a) माध्यम (b) सहारा
(c) उद्देश्य (d) औजार

**89.** (a) पूर्ति (b) अभिवृद्धि
(c) प्राप्ति (d) उपलब्धि

**90.** (a) जीविका (b) समृद्धि
(c) यश (d) नौकरी

**91.** (a) प्रकार्य (b) महत्त्वपूर्ण
(c) उपयोगी (d) अनिवार्य

**92.** (a) नागरिक (b) आदमी
(c) नौकर (d) लोभ

**निर्देश** (प्र. सं. 93-95) *दिए गए चार वाक्यों में से एक वाक्य शुद्ध है और तीन अशुद्ध हैं। शुद्ध वाक्य को चुनिए।*

**93.** (a) ड्राइवर मीरा को कार को चलाना सिखा रहा है।
(b) ड्राइवर मीरा को कार चलाना सीख रहा है।
(c) ड्राइवर मीरा के लिए कार चलाना सिखा रहा है।
(d) ड्राइवर मीरा को कार चलाना सिखा रहा है।

**94.** (a) इतनी रात बीते आप कहाँ से आ रहे हैं?
(b) इतनी रात बीता आप कहाँ से आ रहे हैं?
(c) इतनी रात बीता आप कहाँ से आ रहें हैं?
(d) इतनी रात हुआ आप कहाँ से आ रहे हैं?

**95.** (a) भक्तों की सेना जा रही थी
(b) भक्तों की मण्डली जा रही थी
(c) भक्तों की टुकड़ी जा रही थी
(d) भक्तों की भीड़ जा रही थी

**निर्देश** (प्र.सं. 96 और 97) *दिए गए मुहावरें और लोकोक्ति का अर्थ बताने के लिए चार-चार विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**96.** 'घी के दीए जलाना'
(a) दीपावली के दिन पूजा करना
(b) धन मिलना
(c) खुशी मनाना
(d) निश्चिन्त होकर सोना

**97.** 'पढ़े फारसी बेचे तेल यह देखो कुदरत का खेल'
(a) फारसी पढ़े-लिखे तेल बेचते हैं
(b) कुदरत के खेल में फारसी तेल बेचते हैं
(c) योग्यतानुसार कार्य न मिलना
(d) सभी के गुण समान नहीं होते

**निर्देश** (प्र.सं. 98-100) *निम्नलिखित शब्दों के आगे चार-चार शब्द दिए गए हैं। इनमें से उचित समानार्थक पर्याय चुनकर चिह्नित करें।*

**98.** दूध
(a) खीर (b) पेय
(c) नवनीत (d) स्तन्य

**99.** हाथ
(a) पाणि (b) अग्रांग
(c) मकर (d) अँगुलिमाल

**100.** मीन
(a) माध्यम (b) बीच में
(c) मछली (d) निर्वाण

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (b) | 2 | (c) | 3 | (b) | 4 | (c) | 5 | (c) | 6 | (d) | 7 | (d) | 8 | (c) | 9 | (a) | 10 | (a) |
| 11 | (a) | 12 | (d) | 13 | (b) | 14 | (c) | 15 | (b) | 16 | (d) | 17 | (d) | 18 | (a) | 19 | (b) | 20 | (a) |
| 21 | (c) | 22 | (d) | 23 | (d) | 24 | (c) | 25 | (b) | 26 | (c) | 27 | (b) | 28 | (a) | 29 | (c) | 30 | (b) |
| 31 | (b) | 32 | (c) | 33 | (d) | 34 | (a) | 35 | (a) | 36 | (c) | 37 | (c) | 38 | (c) | 39 | (c) | 40 | (b) |
| 41 | (a) | 42 | (b) | 43 | (d) | 44 | (b) | 45 | (c) | 46 | (b) | 47 | (c) | 48 | (a) | 49 | (a) | 50 | (c) |
| 51 | (b) | 52 | (d) | 53 | (b) | 54 | (a) | 55 | (c) | 56 | (b) | 57 | (b) | 58 | (a) | 59 | (a) | 60 | (b) |
| 61 | (d) | 62 | (c) | 63 | (b) | 64 | (a) | 65 | (a) | 66 | (b) | 67 | (d) | 68 | (a) | 69 | (b) | 70 | (c) |
| 71 | (d) | 72 | (a) | 73 | (a) | 74 | (b) | 75 | (a) | 76 | (c) | 77 | (c) | 78 | (d) | 79 | (c) | 80 | (c) |
| 81 | (b) | 82 | (c) | 83 | (b) | 84 | (b) | 85 | (a) | 86 | (b) | 87 | (b) | 88 | (c) | 89 | (b) | 90 | (a) |
| 91 | (b) | 92 | (a) | 93 | (d) | 94 | (a) | 95 | (d) | 96 | (c) | 97 | (c) | 98 | (d) | 99 | (a) | 100 | (c) |

# संकेत एवं हल

**1.** 2 5 10 17 26 37 50 **65**

+3 +5 +7 +9 +11 +13 +15

**2.** A D H M **S** Z

+3 +4 +5 +6 +7

**3.** जिस प्रकार,

C H A I R → E G C H T

(+2, −1, +2, −1, +2)

उसी प्रकार,

A U D I T → C T F H V

(+2, −1, +2, −1, +2)

**4.** दिया गया समीकरण = 10 P 2 X 5 Y 5

प्रश्नानुसार, अक्षरों को चिह्नों में परिवर्तित करने पर,

$10 \times 2 + 5 - 5 = 20 + 5 - 5$

$= 25 - 5 = 20$

**5.** जिस प्रकार, हाथ, बाँह से जुड़ा होता है, उसी प्रकार दाँत, मुँह से जुड़े होते हैं।

**6.** जिस प्रकार, 484 तथा $48 \div 4 = 12$

उसी प्रकार, 622 तथा $62 \div 2 = \boxed{31}$

**7.** जिस प्रकार,

A C E G (1 3 5 7) → I K M O (9 11 13 15)

(+8, +8, +8, +8)

उसी प्रकार,

Q S U W (17 19 21 23) → Y A C E (25 1 3 5)

(+8, +8, +8, +8)

**8.** जिस प्रकार गाय, घास खाती है, उसी प्रकार घोड़ा, चना खाता है।

**9.** जिस प्रकार, $4 + 5 + 3 = 12$

तथा $4 + 4 + 4 = 12$

उसी प्रकार $3 + ? + 5 = 12$

$\therefore \quad ? \Rightarrow 12 - 3 - 5 = 12 - 8 = \boxed{4}$

**10.** आँख के साथ नाक होती है, कलाई के साथ अंगुलियाँ होती हैं तथा शरीर के साथ सिर होता है, परन्तु पैर व हाथ दूर-दूर होते हैं।

**11.** D C B (−1, −1) H I J (+1, +1)

K L M (+1, +1) X Y Z (+1, +1)


अतः 'DCB' अन्य सभी से भिन्न है।

**12.** '5-20' को छोड़कर अन्य सभी में दाईं ओर की संख्या बाईं ओर की संख्या की वर्ग संख्या है।

**13.** शब्द LUMEN का अक्षर 'U' शब्द ELEMENTARY में नहीं है।

**14.** कागज के टुकड़े को मोड़ने, छेदने तथा खोलने के बाद वह उत्तर आकृति (c) जैसा दिखाई देगा।

**15.**




∴ कोई बिल्ली कुत्ता नहीं है।

**16.** पाँच व्यक्तियों के बैठने का क्रम निम्नवत् है

A C D B E


← दाएँ     बाएँ →

अतः पंक्ति के बीच में D बैठा है।

**17.** प्रश्न आकृति उत्तर आकृति के विकल्प (d) द्वारा पूरी होगी।

**18.** उत्तर आकृति (a) प्रश्न आकृति का सही दर्पण प्रतिबिम्ब होगी।

**19.** चोर, अपराधी, समूह में आता है।




अतः विकल्प (b) सही है।

**20.** अभीष्ट पेजों की संख्या $= \dfrac{437850}{450} = 973$

**21.** जिस प्रकार,

$9 * 7 \Rightarrow (9 + 7) \times (9 - 7) = 16 \times 2 = 32$

$13 * 7 \Rightarrow (13 + 7) \times (13 - 7) = 20 \times 6 = 120$

तथा

$17 * 9 \Rightarrow (17 + 9) \times (17 - 9) = 26 \times 8 = 208$

उसी प्रकार,

$19 * 11 \Rightarrow (19 + 11) \times (19 - 11) = 30 \times 8 = \boxed{240}$

अतः $? = 240$

**22.** दिए गए शब्दों का सार्थक क्रम है

जनसंख्या → बेरोजगारी → गरीबी → रोग → मृत्यु

(2) (4) (1) (5) (3)

**23.** दी गई प्रश्न आकृति उत्तर आकृति (d) में छुपी है।

**24.** दी गई प्रश्न आकृति का प्रयोग करके उत्तर आकृति (c) बनाई जा सकती है।

**25.** आव्यूहों के अनुसार, F, O, R, K अक्षरों के सम्भावित मान

F ⇒ 04, 11, 23, (30), 42

O ⇒ 55, 67, 79, (86), 98

R ⇒ 01, (13), 20, 32, 44

K ⇒ (58), 65, (77), 89, 96

∴ FORK ⇒ 30, 86, 13, 77

**26.** किसी अर्थव्यवस्था में पूँजी निर्माण कुल बचत पर निर्भर करता है। पूँजी निर्माण किसी अर्थव्यवस्था में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमुख योगदान होता है।

**27.** मुद्रास्फीति के समय मुद्रा मूल्य में गिरावट दर्ज की जाती है अर्थात् मुद्रा का सामान्य मूल्य अपने वास्तविक मूल्य से कम हो जाता है। परिणामतः वस्तुओं के मूल्य में तीव्रता से वृद्धि होती है। इस महँगाई की स्थिति से निपटने के लिए कर की दरों में वृद्धि की जाती है।

**28.** एन्थ्रेसाइट में सर्वाधिक कार्बन की मात्रा पाई जाती है। इसमें 80-95% कार्बन की मात्रा विद्यमान होती है।

**29.** मुगल सम्राट अकबर अपने धार्मिक विचार-विमर्श इबादत खाना/आराधना घर में किया करते थे। इसका निर्माण 1575 ई. में अकबर द्वारा फतेहपुर सीकरी में करवाया गया था।

**30.** मोहनजोदड़ो वर्तमान पाकिस्तान के सिन्ध प्रान्त स्थित लकराना जिला में है। यह स्थल सिन्धु सभ्यता के 6 बड़े नगरों में से एक है। इसकी खोज वर्ष 1922 में रखालदास बनर्जी द्वारा की गई थी।

**31.** मनुष्य का सामान्य रुधिर चाप 120/80 मिमी मरकरी माना जाता है। रुधिर चाप की दो मापें प्रयोग में लाई जाती हैं। ऊपरी माप (120 मिमी) को सिस्टोलिक और निचली माप (80 मिमी) को डायस्टोलिक रुधिर चाप कहा जाता है।

**32.** सिलिकॉन एक अर्द्धचालक (Semi-conductor) ठोस पदार्थ है। शेष रेडॉन, ऑर्गन और निऑन आदर्श गैसें हैं।

**33.** सुपर फॉस्फेट एक नाइट्रोजनीय उर्वरक नहीं है।

**34.** लवणयुक्त दलदली भूमि की वनस्पति को उपयोग मैंग्रोव वनस्पति कहा जाता है। ये पौधे मृदा में जल की उपस्थिति के बाद भी जल का अवशोषण नहीं कर पाते हैं।

**35.** अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस का मुख्यालय जेनेवा, स्विट्जरलैण्ड में है। इसकी स्थापना 1863 ई. में हेनरी ड्यूरेण्ट ने की थी। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य युद्ध या विपदा के समय कठिनाइयों से राहत दिलाना है।

**36.** जैव-विविधता अभियान पर सम्मेलन का मुख्यालय कनाडा के मॉण्ट्रियल में स्थित है। इस सचिवालय का मुख्य कार्य अधिवेशनों का आयोजन, रिपोर्ट तैयार और विभिन्न देशों के बीच सहयोग प्रदान करना है।

**37.** जूलियन असांजे विकिलीक्स' के संस्थापक हैं। वह इस वेबसाइट पर कार्य करने से पूर्व एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर और हैकर थे। ऑस्ट्रेलियाई मूल के असांजे को वर्ष 2008 में इकोनॉमिस्ट फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**38.** डायनेमो एक वैज्ञानिक उपकरण है, जिसका निर्माण माइकल फैराडे द्वारा किया गया था। यह यान्त्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है।

**39.** 'स्वराज दल' की स्थापना 1 जनवरी, 1933 को मोतीलाल नेहरू और चितरंजन दास के नेतृत्व में की गई थी। इस दल की स्थापना कांग्रेस के अन्तर्गत ही की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत को स्वराज दिलाना और परिषद् में प्रवेश कर असहयोग आन्दोलन को सफल बनाना था।

**40.** ब्रिटिश संसद के लिए चुने जाने वाले प्रथम भारतीय दादाभाई नौरोजी थे। वह हाउस ऑफ कॉमन्स के सदस्य थे।

**41.** नेत्रदान में दाता की आँख का कॉर्निया भाग उपयोग में लाया जाता है। इस प्रक्रिया में दान दाताओं से उनकी मृत्यु के पश्चात् कॉर्निया को ग्रहण कर दृष्टिहीन व्यक्ति को प्रत्यारोपित किया जाता है। 1888 ई. में सर्वप्रथम ब्रान हिप्पल ने कॉर्निया का प्रत्यारोपण किया था।

**42.** भारतीय अर्थव्यवस्था में खुली व्यवस्था को आरम्भ करने वाले तत्कालीन वित्त मन्त्री डॉ. मनमोहन सिंह थे। प्रधानमन्त्री पी.वी. नरसिम्हा राव के कार्यकाल में वर्ष 1991 में शुरू की गई।

**43.** भारत की सभी सेनाओं का सर्वोच्च सेनापति देश का राष्ट्रपति होता है। अनुच्छेद 53 के अनुसार भारतीय संघ की कार्यपालिका शक्ति राष्ट्रपति में निहित होती है।

**44.** Wi-Fi का पूर्ण रूप वायरलैस फिडेलिटी है। वायरलैस केवल या तारों के बिना ही उच्च गति से इण्टरनेट सेवा प्रदान करता है।

**45.** स्वतन्त्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल लॉर्ड माउण्टबेटन थे। सत्ता हस्तान्तरण के उद्देश्य से माउण्टबेटन को 24 मार्च, 1947 को भारत का गवर्नर जनरल बनाया गया था। माउण्टबेटन योजना (3 जून, 1947) में भारत का विभाजन शामिल था।

**46.** भारत में कॉफी का उत्पादन प्रमुख रूप से दक्षिण भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में किया जाता है। इसमें कर्नाटक का योगदान 53%, केरल का 25% और तमिलनाडु का 11% है।

**47.** रुस्तम-2 एक चालक रहित लड़ाकू विमान है। यह कम ऊँचाई पर उड़ान भरने में सक्षम है। इस विमान का परीक्षण 25 फरवरी, 2018 को किया गया।

**50.** गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी का शासनकाल (1848-56 ई.) व्यपगत सिद्धान्त/अपहरण नीति के सिद्धान्त (Doctrine of lapse) के लिए जाना जाता है। इस नीति के तहत सर्वप्रथम सगरा राज्य को 1848 ई. में अंग्रेजी साम्राज्य में विलय किया गया था।

**51.** माना कुल विद्यार्थियों की संख्या = $x$

तथा लड़कियों की संख्या का प्रतिशत

$$= 100 - 60 = 40\%$$

प्रश्नानुसार, $x$ का 40% = 972

$$\Rightarrow \quad \frac{x \times 40}{100} = 972$$

$$\Rightarrow \quad x = \frac{972 \times 100}{40} = 2430$$

विद्यालय में लड़कों की संख्या

$$= 2430 - 972 = 1458$$

**52.** समतुल्य बट्टा $= 100 - \left(\frac{90 \times 70}{100}\right)$

$$= 100 - 63 = 37\%$$

**53.** अभीष्ट राशि $= \frac{150 \times 100 \times 12}{4 \times 6} = ₹\,7500$

$$\left[\because \text{मूलधन} = \frac{\text{साधारण ब्याज} \times 100}{\text{दर} \times \text{समय}}\right]$$

**54.** स्तम्भ ग्राफ के अनुसार, वर्ष 1997 में सकल लाभ शुद्ध लाभ से दोगुना है। क्योंकि इस वर्ष सकल लाभ ₹ 50 लाख है जबकि शुद्ध लाभ ₹ 25 लाख है।

**55.** वर्ष 1995 में सकल लाभ = 40 लाख तथा शुद्ध लाभ = 15 लाख

अतः 1995 के सकल लाभ की तुलना में उस वर्ष के शुद्ध लाभ का प्रतिशत

$$= \frac{15 \times 100}{40} = \frac{75}{2} = 37.5\%$$

**56.** $\because$ 5 पुरुषों का 1 दिन का काम $= \frac{1}{6}$

$$\left[\because \text{1 दिन का काम} = \frac{\text{पूरा काम}}{\text{काम समाप्त करने वाले दिनों की संख्या}}\right]$$

$\therefore$ [illegible]षों का 1 दिन का काम $= \frac{1}{6} \times \frac{3}{5} = \frac{1}{10}$

$\because$ 10 महिलाओं का 1 दिन का काम $= \frac{1}{5}$

$\therefore$ 5 महिलाओं का 1 दिन का काम $= \frac{1}{5} \times \frac{5}{10} = \frac{1}{10}$

$\therefore$ 3 पुरुष व 5 महिलाओं का 1 दिन का काम

$$= \frac{1}{10} + \frac{1}{10} = \frac{1}{5}$$

अतः 3 पुरुष तथा 5 महिलाएँ 5 दिन में काम को पूरा कर लेंगे।

**57.** अभीष्ट समय $= \frac{4/5}{45}$ घण्टे

$$= \frac{4 \times 60 \times 60}{5 \times 45} \text{ सैकण्ड}$$

$$= 64 \text{ सेकण्ड}$$

$$\left[\because \text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}\right]$$

**58.** प्रश्नानुसार, पहले फेरे × पहले बेलन की परिधि

= बाद के फेरे × दूसरे बेलन की परिधि

$60 \times 2\pi \times 40$ = बाद के फेरे $\times 2\pi \times 30$

[$\because$ बेलन की परिधि = $2\pi \times$ त्रिज्या]

$\Rightarrow$ बाद के फेरे $= \frac{60 \times 40}{30} = 80$

**59.** माना दूसरी राशि = ₹ $x$

प्रश्नानुसार, $\frac{7500 \times 6 \times 1}{100} + \frac{x \times 10 \times 1}{100}$

$$= \frac{(7500 + x) \times 17 \times 1}{100 \times 2}$$

$$\left[\because \text{ब्याज} = \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}\right]$$

$$\Rightarrow \quad 450 + \frac{x}{10} = 637.5 + \frac{17x}{200}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{3x}{200} = 637.5 - 450$$

$$\therefore \quad x = \frac{187.5 \times 200}{3} = ₹\,12500$$

$\therefore$ अभीष्ट राशि = 12500 − 7500 = ₹ 5000

**60.** 5 वर्षों में 50% वृद्धि का अर्थ $= 1 + \frac{50}{100} = \frac{3}{2}$ गुना

अतः 10 वर्षों में राशि $\left(\frac{3}{2}\right)^2$ गुनी, 15 वर्षों में $\left(\frac{3}{2}\right)^3$ गुनी तथा 20 वर्षों में $\left(\frac{3}{2}\right)^4$ गुनी हो जाएगी।

$$\therefore \quad x\left(\frac{3}{2}\right)^2 = y\left(\frac{3}{2}\right)^3 = z\left(\frac{3}{2}\right)^4 = k$$

$$\therefore \quad x = \frac{4}{9}k,\ y = \frac{8}{27}k \text{ तथा } z = \frac{16}{81}k$$

$$\therefore \quad x : y : z = \frac{4}{9}k : \frac{8}{27}k : \frac{16}{81}k = 9 : 6 : 4$$

**61.** यदि ₹ 1, 50 पैसे तथा 10 पैसे के सिक्कों की संख्या $3x, 4x$ तथा $10x$ हो, तो

$$3x \times 1 + 4x \times 0.50 + 10x \times 0.10 = 102$$

$\Rightarrow$ $3x + 2x + x = 102$

$\Rightarrow$ $6x = 102 \Rightarrow x = 17$

10 पैसे के सिक्कों की संख्या $= 10x$

$= 17 \times 10 = 170$

**62.** माना खेत की चौड़ाई $= x$ मी

$\therefore$ खेत की लम्बाई $= \frac{7}{4}x$ मी

$\therefore$ $2\left(x + \frac{7}{4}x\right) = 550$ मी

[आयत का परिमाप = 2 (लम्बाई + चौड़ाई)]

$\Rightarrow$ $2 \times \frac{11}{4}x = 550$ मी

$\Rightarrow$ $x = \frac{550 \times 2}{11} = 100$ मी

$\therefore$ खेत की लम्बाई $= \frac{100 \times 7}{4} = 175$ मी

$\therefore$ खेत का क्षेत्रफल = लम्बाई × चौड़ाई

$= 175 \times 100 = 17500$ वर्ग मी

**63.** ₹ 1000 से ऊपर की खरीद पर कुल छूट का प्रतिशत $= 100 - \frac{(100 - 10) \times (100 - 10)}{100}$

$= 100 - \frac{90 \times 90}{100} = 19\%$

$\therefore$ ₹ 1200 की खरीद पर कुल छूट

$= \frac{1200 \times 19}{100} =$ ₹ 228

**64.** दोनों घड़ियों का क्रय मूल्य

$= 500 \times 2 =$ ₹ 1000

पहली घड़ी को 20% लाभ पर बेचने से

विक्रय मूल्य $= \frac{500 \times 120}{100} =$ ₹ 600

दूसरी घड़ी को 20% हानि पर बेचने से

विक्रय मूल्य $= \frac{500 \times 80}{100} =$ ₹ 400

कुल विक्रय = 600 + 400 = ₹1000

अतः घड़ियों को बेचने पर न कोई लाभ और न हानि होती हैं।

**65.** माना व्यक्तियों की संख्या $= x$

प्रश्नानुसार, $x$ व्यक्ति एक कार्य को 80 दिनों में करते हैं।

$\therefore$ 1 व्यक्ति कार्य को $(80 \times x)$ दिनों में करेगा।

इसी प्रकार, $(x + 10)$ व्यक्ति कार्य को 60 दिनों में पूरा करते हैं।

$\therefore$ 1 व्यक्ति कार्य को $60(x + 10)$ दिनों में कर सकता है।

$\therefore$ $80x = 60(x + 10)$

$\Rightarrow$ $80x - 60x = 600$

$\Rightarrow$ $20x = 600$

$\therefore$ $x = 30$

**66.** घन का पृष्ठ क्षेत्रफल = 6 × (भुजा)$^2$

54 = 6 × (भुजा)$^2$

$\therefore$ भुजा $= \sqrt{\frac{54}{6}} = 3$ मी

**67.** $A$ व $B$ के कार्यों का अनुपात

$= \frac{1}{15} : \frac{1}{10} = 2 : 3$

कुल धनराशि = ₹ 30000

$\therefore A$ का भाग $= \frac{2}{2 + 3} \times 30000$

$= \frac{2}{5} \times 30000 =$ ₹ 12000

**68.** 10 औवर में कुल रन $= 10 \times 3.2 = 32$

40 ओवर में निर्धारित रन $= 282 - 32 = 250$

$\therefore$ 40 ओवर में रन रेट $= \frac{250}{40} = 6.25$

**69.** अभीष्ट योगफल $= 5.4 \times 5 = 27$

**70.** माना बड़ी संख्या $x$ तथा छोटी संख्या $(x - 2)$ है।

$\because$ पहली संख्या × दूसरी संख्या = म. स. × ल. स.

$x(x - 2) = 24$

$\Rightarrow$ $x^2 - 2x - 24 = 0$

$\Rightarrow$ $x^2 - 6x + 4x - 24 = 0$

$\Rightarrow$ $x(x - 6) + 4(x - 6) = 0$

$\Rightarrow$ $x = 6, -4$

ऋणात्मक मान छोड़ने पर बड़ी संख्या = 6

**71.** माना $A$ की आयु $= 2x$ वर्ष

तथा $B$ की आयु $= 3x$ वर्ष

$\because$ $3x - 2x = 3$

$\Rightarrow$ $x = 3$ वर्ष

अतः 2 वर्ष बाद $A$ की आयु $= 2x + 2$

$= 2 \times 3 + 2 = 8$ वर्ष

**72.** माना वस्तु का क्रय मूल्य ₹ $x$ है। तब

प्रथम विक्रय मूल्य $= x\left(1 + \frac{10}{100}\right) =$ ₹ $\frac{11x}{10}$

$\left[\because \text{विक्रय मूल्य} = \text{क्रय मूल्य} \times \frac{100 + \text{लाभ}}{100}\%\right]$

दूसरा विक्रय मूल्य $= x\left(1 - \frac{20}{100}\right)\left(1 + \frac{40}{100}\right)$

$= x \times \frac{4}{5} \times \frac{7}{5} =$ ₹ $\frac{28x}{25}$

प्रश्नानुसार,

$$\frac{28x}{25} - \frac{11x}{10} = 10$$

$\Rightarrow$ $\frac{56x - 55x}{50} = 10$

$\Rightarrow$ $x = 10 \times 50$

$\therefore$ $x =$ ₹ 500

**73.** माना पास होने के लिए आवश्यक अंक $x$ और पूर्णांक $y$ है।

तब प्रश्नानुसार,

$y \times 30\% = x - 12$

$\Rightarrow$ $\frac{3y}{10} = x - 12$

$\Rightarrow$ $3y = 10x - 120$

$10x - 3y = 120$ ...(i)

तथा $y \times 40\% = x + 18$

$\frac{2y}{5} = x + 18$

$\Rightarrow$ $2y = 5x + 90$

$5x - 2y = -90$ ...(ii)

समी (i) में 2 तथा समी (ii) में 3 गुणा करके घटाने पर $5x = 240 + 270 = 510$

$x = 102$

अतः पास होने के लिए 102 अंक चाहिए।

**74.** $(7 + 3\sqrt{7})(7 - 3\sqrt{5})$ का वर्गमूल

$= \sqrt{(7 + 3\sqrt{5})(7 - 3\sqrt{5})}$

$= \sqrt{(7)^2 - (3\sqrt{5})^2}$

$[\because (a + b)(a - b) = a^2 - b^2]$

$= \sqrt{49 - 45} = \sqrt{4} = 2$

**75.** रेडियों का क्रय मूल्य

$= \frac{\text{विक्रय मूल्य} \times 100}{100 + \text{लाभ} \%}$

$= 990 \times \frac{100}{100 + 10}$

$= 990 \times \frac{100}{110} =$ ₹ 900

890 पर बेचने से उसे हानि होती है।

$\therefore$ अभीष्ट हानि = 900 − 890 = ₹10

**82.** 'मुझे रेलगाड़ी में यात्रा करना अच्छी लगती है।' वाक्य में 'अच्छी लगती है' वाक्यांश अशुद्ध है। इसमें 'अच्छी लगती है' के स्थान पर 'अच्छा लगता है' शब्दों का प्रयोग होगा।

**83.** 'विद्यालय में जलपान की उत्तम प्रबन्ध है।' वाक्य में 'जलपान की' वाक्यांश अशुद्ध है। इसमें 'जलपान की' के स्थान पर 'जलपान का' शब्दों का प्रयोग होगा।

**84.** 'जब तक मैं न आऊँ उस समय तक तुम पढ़ते रहना।' वाक्य में 'उस समय तक' वाक्यांश अशुद्ध है। इसमें 'उस समय तक' के स्थान पर 'तब तक' शब्दों का प्रयोग होगा।

**96.** 'घी के दीए जलाना' मुहावरे का अर्थ खुशी मनाना है। इसका वाक्य प्रयोग निम्नलिखित है पृथ्वीराज की मृत्यु सुनकर जयचन्द ने घी के दीए जलाए।

**99.** 'हाथ' का पर्यायवाची शब्द 'पाणि' है, इसके अतिरिक्त कर, हस्त, भुजा, बाहु आदि इसके अन्य पर्यायवाची हैं।